SUCCESS KEY TEST SERIES

WORKSHEET

Std: VIII (E.M) **Subject: Hindi** **Time: 1Hrs**

Date : **Chapter 1 & 2** **Max Marks: 30**

विभाग 1 : गद्य

Q.1 निम्नलिखित परिच्छेद के आधार पर सूचना के अनुसार कृतियाँ पूर्ण कीजिए : **8**

1. आकृती पूर्ण कीजिए: (2)



तीसरी राजकुमारी को इस बात का यकीन था कि पिता जी ने उन्हें यूँ ही ये दाने नहीं दिए होंगे |जरुर इसके पीछे कोई मकसद होगा |पहले तो उसने भी अपनी दूसरी बहनों की तरह ही उन्हें सहेजकर रख देने की सोची , लेकिन वह ऐसा न कर सकी |दो-तीन दिनों तक वह सोचती रही , फिर उसने अपने कमरे की खिड़की के पीछेवाली जमीन में वे दाने बो दिए |समय पर अंकुर फूटे |पौधे तैयार हुए ,दाने निकले |राजकुमारी ने तैयार फसल में से दाने निकाले और फिरसे बो दिए |इस तरह पाँच वर्षो में उसके पास ढेर सारा गेहूँ तैयार हो गया |

पाँच साल बाद राजा ने फिर चारों बहनों को बुलाया और कहा – "आज से पाँच साल पहले मैंने तुम चारो को गेहूँ के सौ-सौ दाने दिए थे और कहा था कि पाँच साल बाद मुझे वापस करना |कहाँ हैं वे दाने ?"

बड़ी राजकुमारी भंडार घर जाकर गेहूँ के दाने ले आई और राजा को दे दिए |राजा ने पूछा ,"क्या ये वही दाने हैं जो मैंने तुम्हें दिए थे ?"

पहले तो राजकुमारी ने 'हाँ' कह दिया |मगर राजा ने फिर कड़ककर पूछा ,तब उसने सच्ची बात बता दी |

राजा ने दूसरी राजकुमारी से पूछा –"तम्हारे दाने कहाँ हैं ?

2. सही विकल्प चुनकर वाक्य को पूरा करे : (2)

   1. किसके पास बहुत सारा गेहूँ तैयार हो गया ?
   2. कौनसी बेटी ने राजा को भंडार से दाने लाकर दे दिए ?
   3. राजा ने सबको कितने दाने दिए थे ?
   4. राजा ने कौनसी बेटी को डाटा ?

3. A. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए : (1)

   1. मकसद 2. जमीन 3. सच्ची 4. घर

   B. निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए:

   1. पीछे 2. अपनी 3. पास 4. सच्ची

4. आपके हिसाब से क्या तीसरी बेटी ने सही किया ? अपने विचारो की पुष्टि कीजिए | (2)

विभाग 2 : पद्‌य

Q.2 निम्नलिखित पद्‌यांश पढ कर सूचना के अनुसार कृतियां कीजिए : **6**

1. आकृती पूर्ण कीजिए : (2)





माई ! समुद्र जिसकी पद रज को नित्य धोकर;
करता प्रणाम तुझको, मैं वे चरण दबाऊँ ।।
सेवा में तेरी माता ! मैं भेदभाव तजकर;
वह पुण्य नाम तेरा, प्रतिदिन सुनूँ सुनाऊँ ।।
तेरे ही काम आऊँ, तेरा ही मंत्र गाऊँ।
मन और देह तुझ पर बलिदान मैं जाऊँ ।।

2. सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए: (2)

1.कवि ___ के काम आना चाहते हैं |(मातृभूमि, माँ, दूसरों)
2.कवि अपना ___ बलिदान करना चाहते हैं |(धन, परिवार, मन)
3.मातृभूमि का नाम ___ है |(पुण्य, कलंकित, रोशन)
4.मातृभूमि के पैर की धूल ___ धोता है |(समुद्र, कवि, तूफ़ान)

3. निम्नलिखित काव्य पंक्तियों का सरल भावार्थ लिखिए : (2)

तेरे ही काम आऊँ, तेरा ही मंत्र गाऊँ।
मन और देह तुझ पर बलिदान मैं जाऊँ ।।

विभाग 3 – भाषा अध्ययन (व्याकरण)

Q.3 (1) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए : **2**

(i) अपनी हत्या स्वयं करना

(ii) जिसे देखकर भय लगे

(2) **निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा पहचानिए :** **2**

(i) वह पुण्य नाम तेरा | (भाववाचक)

(ii) आपने कौन-कौन सी पुस्तके पढ़ी है ? (समुदायवाचक)

(3) **निम्नलिखित वाक्यों के काल लिखिए :** **2**

(i) फुरसत से समालोचना कर दूँगा |

(ii) मनुष्य पशु से इस बात में भिन्न है !

(4) **निम्नलिखित शब्दों के लिंग पहचानकर लिखिए :** **2**

(i) भीड़

(ii) ऋतू

(5) **निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए :** **2**

(i) नीचा दिखाना

(ii) चौपट करना

Q.4 विभाग 4 – उपयोजित लेखन

निम्नलिखित किसी एक विषय पर निबंध लिखिए : **6**

-------- All the Best --------